प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 76/**2026** (अपील सूचना का अधिकार)

बाबूलाल भील पताः गांव सियाखेड़ी, तहसील—वल्लभनगर, उदयपुर

..............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी वल्लभनगर, उदयपुर (राज.)

...................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 08/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि दिनांक 03.02.2026 को एक प्रार्थना पत्र प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर उपखण्ड कार्यालय वल्लभनगर के आवंटन आदेश एवं आबादी विस्तार के संबंध में सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना नहीं कराये जाने से असंतुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र कमांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/76/26/445–46 दिनांक 23.03.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी वल्लभनगर द्वारा जरिये पत्रांक सू.अ./2026/337 दिनांक 30.04.2026 से अपीलोत्तर प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना तैयार है एवं प्रार्थी को सूचना पत्र पत्रांक 271 दिनांक 10.04.2026 जरिये डाक द्वारा स्पीड पोस्ट से सूचना प्राप्त करने हेतु पत्र द्वारा सूचित किया गया। अतः अपील निरस्त फरमावे।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी वल्लभनगर से आवंटन आदेश राजस्व/2022/622ए दिनांक 31.07.2022 एवं राजस्व/2022/394 दिनांक 06.05.2022 की आबादी विस्तार की सम्पूर्ण पत्रावली चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा सूचना तैयार कर जरिये पत्रांक 271 दिनांक 10.04.2026 से अपीलार्थी को नियमानुसार शुल्क जमा करा सूचना प्राप्त करने हेतु लिखा गया। अपीलार्थी द्वारा दिनांक 03.02.2026 को सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। सूचना प्राप्त नहीं होने से अपीलार्थी द्वारा इस कार्यालय में प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है। पत्रावली का अवलोकन करने से स्पष्ट है कि प्रत्यर्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है तथा निर्धारित समयावधि पश्चात् निर्धारित शुल्क राजकोष में जमा कराने हेतु सूचित किया गया है जो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों के विपरित है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है। सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी वल्लभनगर को निर्देशित किया जाता है कि सूचना

RajKaj Ref No.:
22091206
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.08 13:21:27 IST
Reason: Approved

का अधिकार अधिनियम के तहत अपीलार्थी को नियमानुसार निशुल्क सूचना उपलब्ध करवाये तथा की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करे।

निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

RajKaj Ref No.:
22091206
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.08 13:21:27 IST
Reason: Approved